बंदरों, गायों व कुत्तों को घास, तरबूज, केले का भोजन कराते हुए समाजसेवी।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मिजोरम के छात्र–छात्राओं को दो बसों से किया रवाना

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत एवं कामकाजी लोग पिछले लंबे समय से लॉकडाउन के कारण उत्तराखंड में फंस गये थे और वह मिजोरम जाने में पूरी तरह से असमर्थ दिखाई दिये, परन्तु आज उनके मन की मुराद पूरी हो गई। मिजोरम सरकार व उत्तराखंड सरकार की संयुक्त पहल पर इन छात्र–छात्राओं को दो बसों से मिजोरम के लिए रवाना किया गया। आज घंटाघर पर मिजोरम जाने के लिए छात्र–छात्रायें व उनके अभिभावक इकट्ठा हुए। इस अवसर पर उनके चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। उन्होंने उत्तराखंड सरकार के साथ ही साथ मिजोरम सरकार का आभार व्यक्त किया।

### पानी की भारी किल्लत को लेकर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। वार्ड 78 के पार्षद रमेश कुमार मंगू के द्वारा जल संस्थान पिथुवाला में सुभाषनगर क्षेत्र, ओगल भट्टा क्षेत्र, सी–15 आजाद कॉलोनी, नेहरू मार्ग, ब्रह्मपुरी, त्रिमूर्ति विहार आदि क्षेत्रों में पानी की भारी किल्लत को देखते हुए उग्र प्रदर्शन की चेतावनी के साथ अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता ने शीघ्र ही कार्यवाही करने का भरोसा दिया और कहा कि इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिये जा रहे हैं।

### श्रम कानून में बदलाव किये जाने का विरोध लगातार जारी

**संवाददाता** देहरादून। श्रम कानून में बदलाव किये जाने के विरोध में पीपुल्स फोरम उत्तराखंड के संयोजक जयकृत कंडवाल का धरना 14वें दिन अपने घर में धरना जारी रखा। यहां सरस्वती विहार अजबपुर खुर्द स्थित अपने आवास में फोरम के संयोजक जयकृत कंडवाल श्रम कानून में बदलाव के विरोध में 14वें दिन धरने पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब तक केन्द्र सरकार ने इस बदलाव को वापस नहीं लिया तब तक धरने को जारी रखा जायेगा। वहीं गिरफ्तार किये गये छात्रों को जल्द रिहा करने की मांग की गई। शीघ्र की समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा।

### जेके टायर ने एक और इतिहास रचा

**संवाददाता** देहरादून। रेडियल टेक्नोलॉजी में भारत में अग्रणी जेके टायर ने सबसे पहले ट्रकब्स रेडियल टायर्स (टीबीआर) का देश में पहली बार निर्माण किया और इस सेगमेंट में अपना नेतृत्व कायम रखा। रेडियल बाजार को विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए टेक्नोलॉजी एवं नवाचार के माध्यम से नए–नए उत्पाद बाजार में पेश किए, हाल ही में कम्पनी को अपना दो करोड़वां रेडियल ट्रकब्स रेडियल टायर जारी किया।

### कोविड अस्पताल को दी जाएगी 50 लाख की प्रोत्साहन राशि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने घोषणा की है कि जिस कोविड अस्पताल में कोरोना वारियर्स स्वयं को संक्रमण से बचाते हुए कोविड–19 से संक्रमित लोगों का इलाज कर रहे हैं, उस अस्पताल को 50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सीएम ने कहा कि वैसे तो सभी अस्पतालों में कोरोना वारियर्स को मानकों के अनुरूप संक्रमण से बचने के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, फिर भी अस्पताल अपने यहां कार्यरत चिकित्साकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और प्रेरित होंगे। इससे कोरोना के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम पंक्ति में डटे हमारे चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का भी मनोबल बढ़ेगा। राज्य सरकार अपने हर कोरोना वारियर्स के साथ है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोविड अस्पतालों में हर तरह की सावधानी रखी जाए। चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी हमारे फ्रंटलाइन कोरोना वारियर्स हैं। इनकी संक्रमण से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता से लिया जाए। हमारे चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी, कोविड–19 से संक्रमित व्यक्तियों का इलाज तभी कर सकते हैं जब वे स्वयं सुरक्षित रहें। कहा, हमारे कोरोना वारियर्स स्वयं के जीवन को खतरे में डालते हुए पूरी निष्ठा और तत्परता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। हमारा भी दायित्व है कि ये स्वस्थ रहें और सुरक्षित रहें। इनके लिए कार्यस्थल पर समुचित सुरक्षागत उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

# उत्तराखंड में कोरोना की रफ्तार तेज, आंकड़ा 400 के पार

**कहर**

मंगलवार को कोरोना के 43 नए मामले सामने आए | कोरोना संक्रमित चार लोगों की हो चुकी है मौत | 64 लोग स्वस्थ हो चुके हैं

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में दिन–ब–दिन इजाफा हो रहा है। मंगलवार को कोरोना के 43 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें 14 पिथौरागढ़, 10 नैनीताल, छह टिहरी, छह हरिद्वार, तीन देहरादून, तीन अल्मोड़ा और दो ऊधमसिंहनगर से हैं। इसके बाद प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 402 पहुंच गई है। हालांकि, इनमें 64 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, अबतक कोरोना संक्रमित चार लोगों की मौत भी हो चुकी है।

**टिहरी में छह लोगों में कोरोना की पुष्टि:** टिहरी गढ़वाल के लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी फकोट नरेंद्रनगर डॉ. जगदीश जोशी ने बताया कि मुंबई से आने वाले 38 लोगों का सैंपल 21 मई को पूर्णानंद इंटर कॉलेज मुनिकीरेती में लिया गया था। इन सभी को जीएमवीएन के गेस्ट हाउस ऋषि लोक में क्वारंटाइन किया गया है। इनमें से छह और लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे पहले इनमें नौ लोगों में कोरोना की पुष्टि हो चुकी है।

**मंडी के मुनीम समेत तीन कोरोना पॉजिटिव:** देहरादून में तीन लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इनमें निरंजनपुर मंडी के आढती और मुनीम के अलावा मैक्स अस्पताल में भर्ती शामली की एक महिला शामिल हैं। इनकी कॉन्टेक्ट हिस्ट्री खंगाली जा रही है। उसी के अनुसार मरीजों के संपर्क में आए लोगों को क्वारंटाइन किया जाएगा।

**पिथौरागढ़ में 14, नैनीताल में 10 और ऊधमसिंह नगर में दो केस:** वहीं, पिथौरागढ़ में 14 नैनीताल के रामनगर में नौ और ऊधमसिंह नगर में दो नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से एक पिथौरागढ़ और एक युवक चंपावत का है। दोनों युवक 21 मई को मुंबई से हरिद्वार आई ट्रेन से पहुंचे थे, जिसके बाद से दोनों को पंत विवि स्थित क्वारंटाइन सेंटर में क्वारंटाइन किया गया है।

**सोमवार को 40 मामले आए सामने:** स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को 653 सैंपल की रिपोर्ट मिली है, जिनमें 613 की रिपोर्ट नेगेटिव और 40 की पॉजिटिव है। टिहरी जिले के भिलंगना ब्लॉक में मुंबई से लौटे 10 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले। इनमें आठ युवक 18 मई और दो युवक 20 मई को लौटे थे। नैनीताल में भी हालिया दिनों में लौटे 10 प्रवासी कोरोना संक्रमित मिले। इनमें नैनीताल निवासी आठ लोग 21 मई को महाराष्ट्र से और एक अन्य युवक 20 मई को दिल्ली से लौटा था।

### प्रवेश द्वारों पर अनिवार्य क्वारंटाइन होंगे प्रवासी

बाहर से आने वाले प्रवासियों को देहरादून, हरिद्वार, कोटद्वार समेत विभिन्न प्रवेश स्थलों पर ही क्वारंटाइन किया जाएगा। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धन सिंह रावत ने कहा इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बाहर से आने वाले प्रवासियों को अब सीधे गांवों में नहीं जाने दिया जाएगा। उन्हें अब इंट्री प्वाइंट यानी प्रवेश द्वारों पर क्वारंटाइन कराया जाएगा। हाईकोर्ट ने इस संबंध में राज्य सरकार को निर्देश दिए थे। बाहर से आ रहे प्रवासियों को बॉर्डर पर ही क्वारंटाइन किए जाने को सरकार व्यावहारिक नहीं मान रही है।

## सोशल मीडिया का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए: सीएम

**बैठक**

■ कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई आमजन के सहयोग से जीती जा सकती

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि कोविड–19 के संबंध में जनजागरूकता के लिए सोशल मीडिया का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। समय–समय पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की जानकारी आमजन को होना जरूरी है। कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई आमजन के सहयोग से जीती जा सकती है। इसके लिए कोविड–19 को लेकर क्या–क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए, इसका व्यापक प्रचार हो। साथ ही सरकार की व्यवस्थाओं के प्रति जनता से फीडबैक भी निरंतर लिया जाए। सोशल मीडिया इसका उपयुक्त प्लेटफार्म है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, मंगलवार को सचिवालय में सीएम यंग फेलो के साथ सोशल मीडिया के उपयोग के संबंध में बैठक कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 के साथ ही सरकार द्वारा जन कल्याण से संबंधित जो भी गतिविधियां चलाई जा रही हैं, सोशल मीडिया के माध्यम से सभी सूचनाएं आम जन को उपलब्ध हो। प्रदेशवासियों के लिए राज्य सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है, उनकी जानकारी ग्रासरूट तक पहुंचे।

सूचना प्रेषण का सोशल मीडिया प्रभावकारी माध्यम है, इसका अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। परंतु सूचनाओं का यह प्रेषण एक तरफा न हो, लोगों से मिल रहे फीडबैक को भी सरकार व शासन तक पहुंचाया जाए। सोशल मीडिया पर जो भी महत्वपूर्ण सुझाव मिलते हैं, उन पर गम्भीरता से विचार किया जाता है।

### परिवहन व्यवसायियों व चालकों-परिचालकों को समुचित सहायता देने की मांग, ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 से प्रभावित परिवहन सेवाओं में लगे व्यवसायियों, चालकों, परिचालकों की समुचित सहायता किये जाने की मांग को लेकर सीपीएम के प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी से भेंट करते हुए प्रधानमंत्री, केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर इस दिशा में ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया गया है। यहां सीपीएम के राज्य सचिव राजेन्द्र सिंह नेगी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उप जिलाधिकारी से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 के कारण पिछले दो महीने से भी अधिक समय से उत्तराखण्ड मे लॉकडाउन के कारण सरकारी, गैर सरकारी परिवहन सेवा ठप्प पड़ी हुई है जिससे हजारों हजार वाहन खड़े हैं उन पर निर्भर लाखों लोग अत्यधिक कष्टकारी जीवन जीने के लिए विवश हैं।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।